तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 30.2° | 23.3° |
| इंदौर | 30.8° | 24.4° |
| जबलपुर | 34.6° | 25.7° |
| ग्वालियर | 36.3° | 27.5° |

दैनिक

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित


वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 223,पृष्ठ 12)
गुरुवार 11 जुलाई 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये




राजधानी... शाह करेंगे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ...


खेल... टेस्ट क्रिकेट शीर्ष टीमों के बीच ही खेला जाए, टी-20 के...


व्यापार... सब्जियों की कीमत बढ़ने से खुदरा महंगाई में होगी...


देश-विदेश... रूसी राजनयिक ने पीएम मोदी के दौरे को..



www.naiduniaonline.com


ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर के सामने बोले प्रधानमंत्री मोदी...

## हमारे राजनयिक संबंध के 75 साल पूरे, संबंधों को प्रदान की जाएगी रणनीतिक दिशा

विएना (एजेंसी)।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्यसत्कार के लिए चांसलर नेहमर का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे खुशी है कि मुझे अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ऑस्ट्रिया आने का अवसर मिला।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है, 41 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया का दौरा किया है, यह भी सुखद संयोग है कि यह यात्रा उस समय में हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। वियना के फेडरल चांसरी में उनका भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने चांसलर नेहमर के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संकट और आतंकवाद की कड़ी निंदा की



मोदी ने कहा कि आज मेरे और चांसलर और नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई, हमने आपसी सहयोग और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी, यह केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक सीमित नहीं है, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में एक-दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जाएगा। मैंने पहले भी कहा है, यह समय युद्ध का नहीं है, समस्याओं का समाधान हम युद्ध क्षेत्र में नहीं ढूंढ पाएंगे। चाहे वह कहीं भी हो, निर्दोष लोगों की हत्या अस्वीकार्य है। भारत और ऑस्ट्रिया बातचीत और कूटनीति पर जोर देते हैं और इसके लिए हम मिलकर हर आवश्यक सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

मोदी ने ऑस्ट्रिया की अपनी यात्रा को ऐतिहासिक और विशेष बताया। मुझे खुशी है कि मुझे प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ऑस्ट्रिया आने का मौका मिला। पीएम मोदी ने कहा कि लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों की मजबूत नींव हैं। मैंने ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर के साथ यूक्रेन विवाद और पश्चिम एशिया की स्थिति समेत विश्व में जारी विवादों पर चर्चा की। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। हम दोनों आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हैं और इस बात पर सहमत हैं कि यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही ऑस्ट्रिया की यात्रा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और कानून का शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि पारस्परिक विश्वास और साझा हित हमारे संबंधों को मजबूत करते हैं। मोदी ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार करने पर सहमत हुए हैं ताकि उन्हें समसामयिक और प्रभावकारी बनाया ( शेष पेज 2 पर )

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक संपन्न

## पेपरलेस होगी विधानसभा, सात सिंचाई परियोजनाओं को दी मंजूरी

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध-घुमन्तु जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावास, आश्रम और सामुदायिक कल्याण केन्द्रों में निवासरत विद्यार्थियों को अनुसूचित जाति कृयाण/जनजातीय कार्य विभाग द्वारा निर्धारित शिष्यवृत्ति दरों के अनुरूप युक्त-युक्तीकरण की स्वीकृति दी है।**



स्वीकृति अनुसार बालकों को वर्तमान में प्रतिमाह देय शिष्यवृत्ति 1230 रुपए में वृद्धि कर 1550 रूपये एवं बालिकाओं को 1270 रूपये में वृद्धि कर 1590 रूपये प्रतिमाह दी जाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति कल्याण/जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मूल्य सूचकांक के आधार पर आगामी शिष्यवृत्ति की दर में वृद्धि, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध-घुमन्तु कल्याणविभाग के लिए भी मान्य किए जाने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रि-परिषद के निर्णय की जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) को मध्यप्रदेश विधान सभा में क्रियान्वित करने के लिए 23 करोड़ 87 लाख रूपये की परियोजना का अनुमोदन दिया हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम में देश की समस्त विधान सभाओं को पेपर लेस करने एवं उन्हें एक प्लेटफार्म पर लाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) लांच की गई है। लागत की 60 प्रतिशत राशि भारत सरकार तथा 40 प्रतिशत राज्य शासन द्वारा वहन की जाएगी।

मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदा घाटी विकास विभाग की 9,271 करोड़ 96 लाख रूपये की लागत की 7 परियोजनाओं के निविदा आमंत्रण की अनुमति प्रदान की है। सोण्डवा उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, निवाली उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, सेंधवा उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, महेश्वर जानापाव उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, धार माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बड़ादेव संयुक्त माईक्रो सिंचाई परियोजना एवं माँ रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए निविदा आमंत्रण की अनुमति प्रदान की गई है।

मंत्रि-परिषद द्वारा बोकरो माइक्रो सिंचाई परियोजना लागत राशि 46 करोड़ रूपये, सैंच्य क्षेत्र 3310 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना से तहसील रामपुरा नैकिन के 11 ग्रामों के कृषकों को सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। इंदौर में सांवेर रोड़ पर निर्माणाधीन केन्द्रीय जेल के शेष रहे निर्माण कार्यों के लिए 217 करोड़ 73 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। राज्य शासन के लिए विमान खरीदने का अनुमोदन दिया गया है। राज्य शासन के लिये अति विशिष्ट व्यक्तियों की उड़ान के लिए मध्यप्रदेश शासन के लिये विमान/हेलीकाप्टर क्रय-विक्रय नियम, 2019 के अंतर्गत बुलाए गए टेण्डर में निम्नतम निविदाकार संस्था से विमान मॉडल चैलेंजर 3500 जेट विमान क्रय किये जाने के निर्णय का अनुमोदन दिया गया।

### खास-खबरें

### ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक के लिए रूस रवाना हुए बिरला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार को ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग लेने लिए रूस रवाना हो गये। गौरतलब है कि रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 11 और 12 जुलाई को ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक होने वाली है, जिसमें श्री बिरला भारतीय संसदीय दल का नेतृत्व कर रहे हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर श्री बिरला से मुलाकात की। इस दौरान लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी ने भी उनसे मुलाकात की। भारतीय संसदीय दल में श्री बिरला के अलावा श्री हरिवंश, राज्यसभा सदस्य शंभू शरण पटेल और लोकसभा अध्यक्ष के विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) राजीव दत्ता शामिल हैं।

### अमृतसर में फर्जी हथियार लाइसेंस रैकेट का भंडाफोड़ आठ गिरफ्तार

**अमृतसर ( एजेंसी )।** पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए फर्जी हथियार लाइसेंस रैकेट चलाने वाले 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने छह फर्जी हथियार लाइसेंस और आधार कार्ड, सात पिस्तौल, रिवॉल्वर, डबल बैरल राइफल और जाली दस्तावेजों के विवरण वाला एक लैपटॉप बरामद किया है।

## दस वर्षों में लोको पायलट के काम की परिस्थितियां सुधरीं: वैष्णव

नई दिल्ली (एजेंसी)।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोको पायलटों के बारे में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा कही जा रही बातों को गलत और निराधार करार दिया है और कहा है कि बीते दस वर्षों में लोको पायलट सहित रनिंग स्टाफ के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं और इससे उनकी काम करने की परिस्थितियां बेहतर हुई हैं।



श्री वैष्णव ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में यह लिखा और यह भी बताया कि 34 हजार रनिंग स्टाफ की भर्ती हो चुकी हैं जबकि 18000 अन्य की भर्ती की जा रही है। रेल मंत्री ने कहा कि लोको पायलट रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। चूंकि विपक्ष द्वारा हमारे लोको पायलटों को हतोत्साहित करने के लिए बहुत सारी गलत सूचनाएं और नाटकबाजी की जा रही है, इसलिए मैं चीजों को बिल्कुल स्पष्ट कर रहा हूं। कामकाजी परिस्थितियों में सुधार के मामले में पता होना चाहिए कि लोको पायलटों के ड्यूटी घंटों की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाती है। यात्राओं के बाद विश्राम सावधानीपूर्वक प्रदान किया जाता है। औसत ड्यूटी के घंटे निर्धारित घंटों के भीतर बनाए रखे जाते हैं। औसत ( शेष पेज 2 पर )

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की मौत, 19 घायल

उन्नाव (एजेंसी)।

**उन्नाव जिले में बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना तड़के करीब पांच बजे बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में जोजीकोट गांव के पास हुई।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में सड़क दुर्घटना को पीड़ादायक बताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रूपये तथा घायलों को 50-50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्री मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें



जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। इसके साथ ही मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा ( शेष पेज 2 पर )

## देश में डेंगू के बढ़ते मामलों पर केंद्र अलर्टः नड्डा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश भर में डेंगू की स्थिति की समीक्षा करने और मानसून की शुरुआत और वृद्धि को देखते हुए डेंगू की रोकथाम और प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को देश भर में डेंगू की स्थिति और मंत्रालय की तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। यह बताया गया कि केंद्रित, समयबद्ध और सहयोगात्मक गतिविधियों के परिणाम स्वरूप डेंगू मामले की मृत्यु दर 3.3 प्रश से घटकर 2024 में 0.1 प्रश हो गई। बरसात के मौसम के दौरान डेंगू के मामलों की संख्या बढ़ने के खतरे को रेखांकित करते हुए, नड्डा ने डेंगू के खिलाफ तैयार रहने के महत्व पर जोर ( शेष पेज 2 पर )



### हिट एंड रन मामले में मिहिर शाह 16 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में प्राथमिक संदिग्ध मिहिर शाह को बुधवार को एक स्थानीय अदालत ने सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। शिव सेना नेता राजेश शाह के बेटे शाह को लगभग 60 घंटे तक चली राज्यव्यापी तलाशी के बाद मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि विपक्ष सिर्फ आरोप लगाता है, उनके पास आरोप लगाने के अलावा और कुछ नहीं है। मैंने निर्देश दिया है कि हिट एंड रन मामले में दोषी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। सख्त कार्रवाई की जाएगी। आरोपी राजेश शाह को पार्टी से सस्पेंड करने पर उनका कहना है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़िता का साथ देना प्राथमिकता होनी चाहिए।

दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में ईडी की नई चार्जशीट

## अड़तीस साजिशकर्ता, केजरीवाल आरोपी नं 37

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में नवीनतम विकास में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने कुल 38 साजिशकर्ताओं में से आरोपी नंबर 37 के रूप में सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ एक नया आरोप पत्र दायर किया।**



नई चार्जशीट दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के संबंध में दायर की गई है। इसके अलावा, आरोप पत्र में केजरीवाल को सरगना और मुख्य साजिशकर्ता के रूप में भी उल्लेख किया गया है। आरोप पत्र के अनुसार, वह गोवा चुनाव में रिश्वत के पैसे के इस्तेमाल से अवगत थे और इसमें शामिल थे। ईडी की चार्जशीट में अरविंद केजरीवाल और आरोपी विनोद चौहान के बीच हुई व्हाट्सएप चैट का ब्यौरा दिया गया है. आरोप है कि के कविता के पीए ने गोवा चुनाव के दौरान विनोद के माध्यम से आम आदमी पार्टी को 25 करोड़ रुपये से अधिक भेजे थे। चैट से साफ है कि विनोद चौहान के केजरीवाल से अच्छे संबंध थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित उत्पाद शुल्क घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दी गई जमानत को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका को 15 जुलाई के लिए ( शेष पेज 2 पर )

### कठुआ हमले में सेना ने 5,189 राउंड गोलियां दाग आतंकियों को खदेड़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में हुए आतंकवादी हमले के दो दिन बाद सैन्य अधिकारियों ने घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। इस हमले में पांच जवान शहीद हो गए और पांच घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि जब भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने उनके काफिले पर घात लगाकर हमला किया तो 22 गढ़वाल रेजिमेंट के जवान आश्चर्यचकित हो गए, लेकिन उन्होंने तुरंत ही खुद को संभाल लिया। उन्होंने अपने घायल साथियों की रक्षा के लिए 5,100 से अधिक राउंड गोलियां चलाईं और आतंकवादियों को कठुआ की पहाड़ियों में भागने पर मजबूर कर दिया। अतिरिक्त बलों के पहुंचने से पहले दो घंटे से अधिक समय तक लगातार गोलीबारी हुई।

जम्मू क्षेत्र के कठुआ जिला मुख्यालय से करीब 150 किलोमीटर दूर बदनोटा गांव के पास मचेड़ी-किंदली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर गोलीबारी की। भारी गोलीबारी का सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

स्पेशल खबर | सीबीआई जांच पर सवाल उठाने वाला...

## पश्चिम बंगाल का मुकदमा सुनवाई योग्यः सुको

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार की ओर से किसी मामले में जांच की सहमति वापस लेने के बावजूद सीबीआई की ओर से जांच जारी रखने को चुनौती देने का पश्चिम बंगाल सरकार का मुकद्मा सुनवाई करने लायक है।**

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार की इस प्रारंभिक आपत्ति को खारिज कर दिया कि इस तरह का मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर एक मूल मुकदमे को सुनवाई योग्य घोषित किया। पश्चिम बंगाल सरकार ने आरोप लगाया था कि सीबीआई ने राज्य की ओर से सहमति वापस लेने के बावजूद राज्य के मामलों की जांच जारी रखी। अपने मुकदमे में राज्य सरकार ने आरोप लगाया कि सीबीआई प्राथमिकी दर्ज कर और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है, जबकि राज्य ( पश्चिम बंगाल) ने अपने क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में मामलों की जांच करने के लिए केन्द्रीय एजेंसी को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली थी। पश्चिम बंगाल ने 16 नवंबर 2018 को राज्य में जांच और छापेमारी करने के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली थी। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर मुकदमे की सुनवाई करने की योग्यता पर केंद्र द्वारा की गई प्रारंभिक आपत्तियों पर सुनवाई पूरी करते हुए 08 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया ( शेष पेज 2 पर )



### मुझे शर्मिंदा और बदनाम किया गया मेरी जान को खतराः स्वाति



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हमले का आरोप लगाने के महीनों बाद, स्वाति मालीवाल ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अपने करीबी सहयोगी बिभव कुमार को बचाने का आरोप लगाया। यह कहते हुए कि दिल्ली उच्च न्यायालय में विभव की जमानत पर सुनवाई के दौरान उनकी जान को खतरा है, राज्यसभा सांसद ने न्याय की मांग की और कहा कि उन्हें शर्मिंदा किया गया और नामों से बुलाया गया। उन्होंने दावा किया कि मेरी और मेरे परिवार की जान को ख़तरा है। जब मैं अपने रिश्तेदार की कार में मेडिकल के लिए गया तो कार की सारी जानकारी सार्वजनिक कर दी गई। स्वाति ने कहा, कृपया मुझे न्याय दीजिए। उन्होंने कहा कि मुझ पर बेरहमी से हमला किया गया। मैं दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रही हूं, मैंने कई महिलाओं को न्याय दिलाया है और यहां मैं अपने लिए न्याय की मांग कर रही हूं।